दिनांक 27.04.2019

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ कचरा परिवहन के लिए लगाये गये डम्पर के वाहन चालक के बदले वाहन के ड्राईवर सीट पर अन्य को पाकर आयुक्त एस 0के0 सुंदरानी ने कार्य में लापरवाही बरतने के कारण चालक कैलाश कुहीकर एवं फल मण्डी से खुले वाहन में कचरा परिवहन करवाने वाले वार्ड सुपरवाईजर बीरबल को निलंबित, प्लेसमेंट कर्मचारी हेल्पर नत्थूलाल को सेवा से पृथक करने तथा स्वच्छता निरीक्षक आर 0पी0 तिवारी का वेतनवृद्धि रोके जाने के आदेश स्वास्थ्य अधिकारी को दिये।

आयुक्त श्री सुंदरानी शनिवार को प्रातः सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण करने जोन-03 के बैकुण्ठधाम, वार्ड 21, 22, 23, 24 एवं 25 पहूंचे तो उन्होने देखा कि कचरा परिवहन में लगाये गये डम्पर वाहन क्र. सीजी 07 सी 8521 बैकुण्ठधाम में कचरा संग्रहित कर रहा था किन्तु गीला और सुखा कचरा को मिलाकर गाड़ी में डाल रहे थे सफाई कर्मचारियों द्वारा किये जा रहे उक्त कृत्य को देखकर आयुक्त ने स्वच्छता निरीक्षक के प्रति अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए वाहन चालक को बुलाकर कार्य में लापरवाही का कारण जानना चाहा वाहन चालक ने बताया कि उसके पिताजी कैलाश कुहीकर गाड़ी चलाते हैं, आयुक्त ने वाहन चालक को निलंबित करने तथा गाड़ी के हेल्पर को सेवा से पृथक करने के निर्देश दिये, साथ ही क्षेत्र के स्वच्छता सुपरवाईजर बीरबल को भी कार्य में लापरवाही बरतने के एवज में निलंबित करने को कहा तथा क्षेत्र के स्वच्छता निरीक्षक श्री तिवारी के वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश दिये।

श्री सुंदरानी भ्रमण के दौरान बड़े नाली एवं नालों में लगाये जा रहे जाली का मौका मुआयना किया तथा छोटे-छोटे जल स्त्रोत से पानी सप्लाई हो रही है कि नहीं इसकी जानकारी मोहल्लेवासियों से ली तथा कहा कि पानी आने पर पहले नहाने , धोने आदि के कार्य के लिए पानी भरे इसके पश्चात् पीने का पानी भरकर उपयोग में लावें ताकि पीने के लिए शुद्ध पानी मिल सके।